हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, अप्रैल 1, 2024

तापमान
अधिकतम 33.8 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

12 भड़ी गांव में ग्रामीणों की निशुल्क हुई मेडिकल जांच



12 रागी जत्थों ने संगत को गुरु इतिहास सुनाया



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब की बिक्री पर पुलिस की कड़ी नजर

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लैक फिल्म लगाने वाले पर होगी कार्रवाई

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म का इस्तेमाल करने वाले लोग सावधान हो जाएं क्योंकि जिला पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत ऐसे वाहन चालकों के चालान किए जाएंगे।

### डंपर ने साइकिल सवार को कुचला, मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी-पावंटा हाइवे पर गांव पंजेटों के पास डंपर ने साइकिल सवार राजेश कुमार को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक फैक्ट्री से छुट्टी कर साइकिल पर घर लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### विदेश जाने से पहले ही किशोरी लापता

**बराड़ा।** पुलिस ने एक किशोरी के लापता होने का मामला दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एसकी लड़की जिसकी उम्र 17 साल है जिसने अभी हाल ही में 12 वीं के पेपर दिए हैं। उसे और उसकी लड़की को 1 अप्रैल 2024 को अमेरिका जाना था लेकिन 29 मार्च को लडक्की अपनी सहेली के साथ पार्टी करने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह वापिस नहीं लौटी। उन्होंने काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया।

# कांग्रेस ने देश को जमकर लूटा: नायब

## यमुनानगर में भाजपा की विजय संकल्प रैली में गरजे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर के दशहरा ग्राउंड में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प रैली में मंच पर विराजमान मुख्यमंत्री अन्य भाजपा नेताओं के साथ बैठे हुए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ता ही जमीनी स्तर पर मेहनत करके चुनाव जीतने की रणनीति तैयार करते हैं। हरियाणा व केन्द्र में डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है।

- भाजपा सरकार ने लोगों को घर बैठे सुविधाएं उपलब्ध कराई

वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस के शासन में जबरदस्त तरीके से भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने रविवार को शाम के वक्त यमुनानगर के दशहरा ग्राउंड में भाजपा द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली में कहा कि 400 पार का लक्ष्य साधते हुए फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए भारत की हर लोकसभा सीट पर कमल का फूल खिले यही हम सभी का प्रयास होना चाहिए।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश को सेवा, समृद्धि और सुशासन की दृष्टि से निरन्तर आगे बढ़ाया है।भाजपा सरकार ने लोगों को घर बैठे सुविधाएं उपलब्ध कराई है, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने कमल का फूल बन्तो कटारिया के हाथ में देकर भेजा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने देश को नहीं दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहां की पिछले 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश को सही रहा दी है। हर वर्ग में विकास किया है। 2014 से पहले देश में विकास ही नहीं हुआ लोगों का समय बर्बाद होता था । रास्ते खराब थे। उन्होंने कहा कि पंचकूला से सहारनपुर का समय मात्र डेढ़ घंटा लगता है, जब से भाजपा की सरकार ने हाईवे बनाए हैं। 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को मकान बनाकर भाजपा सरकार ने दिया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा में युवाओं को नौकरियां देने का काम किया है। बिना खर्ची बिना पर्ची का नौकरियां दी गई।

### हरियाणा से सभी 10 लोस सीटे जीता कर मोदी जी को देनी है

उन्होंने कहा कि हरियाणा से 10 की 10 लोकसभा सीटे जीता कर मोदी जी को देनी है। उन्होंने पूर्व सांसद रतनलाल कटारिया को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अब यहां से उनकी पत्नी बन्तो कटारिया को कमल का बटन दबाकर नरेंद्र मोदी के पास भेजने का काम करना है। कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि जनता ने भी यह तय कर लिया है कि सभी के अपार समर्थन के साथ हरियाणा में जनकल्याण का प्रतीक 'कमल', प्रचण्ड बहुमत के साथ सभी 10 लोकसभा सीटों पर खिलने जा रहा है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि हमने सदैव हरियाणा एक हरियाणवी एक के सिद्धांत पर बिना किसी भेदभाव के लोगों की सेवा करते हुए उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा है। अंबाला लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रतनलाल कटारिया ने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य करवाए हैं। उनके द्वारा शुरू की गई विकास कार्यों की को वह आगे बढ़ने का काम बखूबी करेंगीं। इस दौरान राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार,जिला प्रभारी एडवोकेट वेदपाल,विधायक घनश्याम दास अरोड़ा,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा,जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, डप्टिी चेयरमैन धूमनसिंह किरमच,पूर्व मेयर मदन चौहान ,जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठसका,पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट संगीता सिंघल, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, पूर्व विधायक बलवंत सिंह, कीमतपाल चोपड़ा, देवेंद्र चावला, संतोष सारवान, चेयरमैन रामकुमार, देवेंद्र चावला, विभोर पहुजा, अनिल कुमार, नीरज गुप्ता, रजत अरोड़ा ,अमन सग्गर, आदि हजारों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# भाजपा के घोषणा पत्र में प्रदेश के विकास के मुद्दों को शामिल किया जाएगा: मनोहर



कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विचार और संस्कार सबसे अच्छे हैं। यही वजह है कि कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दलों के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह गांव-गांव जाकर लोगों से मिलेंगे और वोट की अपील करेंगे। पूर्व सीएम मनोहर लाल घरौंडा विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में मनोहर लाल ने कहा कि अंबाला विधायक अनिल विज नाराज नहीं हैं। सभी मिलकर भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। इससे पहले कार्यकर्ता सम्मेलन में मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा में युवाओं को रोजगार देने तथा उद्योगों को बढ़ावा देने का काम किया। गरीब लोगों के लिए अनेकों योजनाएं शुरू कीं। सरकारी नौकरियां बिना खर्ची बिना पर्ची के योग्य लोगों को दी गई। उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में हरियाणा के विकास के मुद्दों को शामिल किया जाएगा। वह लोकसभा में करनाल का प्रतिधित्व कर जन सेवा के कार्य करना चाहते हैं। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का फर्ज बनता है कि इस बार 400 पार के नारे को सफल बनाएं। वोट मांगने में संकोच न करें।

- मनोहर सरकार ने हरियाणा में युवाओं को रोजगार देने तथा उद्योगों को बढ़ावा देने का काम किया

# पानीपत में महिला वकील के खिलाफ जमानत के फर्जी कागजात तैयार करने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिले की कोर्ट में एक महिला वकील फर्जीवाड़े में फंस गई। यहां कोर्ट रूम में एक आरोपी को जमानत दिलवाने के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी जमानती तैयार किया। कोर्ट रूम में दस्तावेजों की चेकिंग और पूछताछ के दौरान फर्जी जमानती उलझ गया। जिसके बाद इस बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। जिसकी शिकायत कोर्ट के रीडर ने पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी महिला एडवोकेट और फर्जी जमानती के खिलाफ 416ए 420ए 466, 467, 468, 471, 511, 120 बी के तहत केस दर्ज कर लिया है।

- कोर्ट रूम में दस्तावेजों की चेकिंग और पूछताछ के दौरान फर्जी जमानती उलझ गया

### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

पुलिस को दी शिकायत में एडीजे संदीप चौहान कोर्ट के रीडर राजेंद्र सैनी ने बताया कि एक मामले में विचाराधीन बंदी कृष्ण को हाईकोर्ट के आदेशों पर जमानत दी जानी थी। जिसके लिए कृष्ण को 1 लाख रुपए का बॉन्ड भरना था। 30 मार्च को बॉन्ड भरने के लिए केस फाइल लगाने के लिए आवेदन किया गया था। जिसमें नरेंद्र पुत्र पवन सिंह बतौर जमानती उपस्थित हुआ। महिला वकील जूली शर्मा ने यह दावा करते हुए पहचानकर्ता के रूप में जमानत बॉन्ड पर हस्ताक्षर किए थे कि वह जमानती को जानती है। हालांकि जब जमानती की जांच की गई तो वकील जूली शर्मा अदालत में मौजूद नहीं थीं। जब सीआईएस द्वारा उक्त नरेंद्र द्वारा भरे गए पिछले बॉन्डों के संबंध में जांच की गई तो पता चला कि उन्होंने केस एनसीटी नंबर में बॉन्ड भरे थे। उक्त मामले में बॉन्ड भरते समय अलगएअलग आधार कार्ड नंबर दर्शाया गया थाए इसलिए संदेह बढ़ गया। पूछने पर उसने बताया कि वह नरेंद्र नहीं है बल्कि उसका असली नाम गौरव पुत्र जय भगवान निवासी शालीमार कॉलोनीए हांसी रोड करनाल है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि पहले भी उसने जाली आधार कार्ड पर जमानत दी थी और आज भी उसके द्वारा प्रस्तुत किया गया आधार कार्ड फर्जी है।

# घर में बंधक बनाकर लूट करने के आरोपियों को कैद

## चारों आरोपियों पर 36-36 हजार रुपये जुर्माने किए

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र



जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र रजनीश शर्मा की अदालत ने घर में बंधक बनाकर लूट करने के आरोपी पवन कुमार पुत्र आनन्द कुमार वासी कंकरखेड़ा मेरठ यूपी, रणजीत सिहं पुत्र दर्शन सिंह वासी देवीगढ़ पटियाला पंजाब, अजय उर्फ हिटलर पुत्र सुरेन्द्र वासी काजमबाद मेरठ यूपी, नरेंद्र कुमार पुत्र पूर्ण चन्द वासी बुबका रादौर जिला यमुनानगर को 10/10 वर्ष कारावास व 36/36 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। उप जिला न्यायवादी राज कुमार ने बताया कि 7 मई 2019 को हुडा सैक्टर-1 शाहाबाद वासी एक लड़की ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके पिता शाहबाद में ज्यूलर्स का काम करते हैं। 5 मई 2019 को वह अपनी माता और नौकरानी के साथ घर पर मौजूद थी। समय करीब 12.30 बजे दोपहर 4/5 लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर उनके घर में घुस गए और आते ही उनको चाकू, पिस्टल और लोहे की राड से डराया, धमकाया तथा उनके साथ मारपीट की। उसके बाद उन तीनों को अलग-अलग बाथरुमों में बन्द कर दिया और करीब डेढ़ घण्टे तक घर में लूटपाट की। आरोपी उनके घर से सोने के गहने व नकदी लेकर भाग गये। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र रजनीश शर्मा की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपियों को सजा सुनाई। जुर्माना न भरने की सूरत में 06 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा, 397 के तहत 07 साल कारावास व 10 हजार रजुर्माना व जुर्माना न भरने की सूरत में 03 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा, धारा 420 के तहत 03 साल कारावास व 01 हजार रुपये जुर्माना व जुर्माना न भरने की सूरत में 01 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा, धारा 473 के तहत 07 साल कारावास व 05 हजार जुर्माना व जुर्माना न भरने की सूरत में 06 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

### नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को सुनाई सजा

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र अमरेन्द्र शर्मा की अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के दोषी राहुल पुत्र रामचंद्र वासी शोरगीर बस्ती गांधीनगर थानेसर कुरुक्षेत्र को 1 साल कारावास व 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी श्री कर्मबीर ने बताया कि 10 जुलाई 2019 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 के उप निरीक्षक लाभ सिंह की टीम जनता स्कूल के पास गस्त पर थी। उसी समय पुलिस टीम ने पैदल-पैदल आते हुए एक लडके को शक के आधार पर काबू किया। लड़के की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ था।

# अवैध पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



अवैध पिस्तौल के साथ पकड़े गए आरोपी के साथ पुलिस टीम ।

सीआईए थ्री पुलिस टीम ने टीडीआई सेक्टर 24 के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान पंजाब सिंह निवासी अर्जुन नगर के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम ने रविवार को सूचना के आधार पर टीडीआई गेट के पास से आरोपी पंजाब सिंह को काबू कर तलाशी लेने पर आरोपी की तलाश लेने पर जेब से एक देशी पिस्तौल 32 बोर बरामद हुआ। पिस्तौल अनलोड मिला।

आरोपी पिस्तौल का लाइसेंस व परमिट दिखाने के लिए कहा तो आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। आरोपी उक्त अवैध देशी पिस्तौल करीब 3 महीने पहले यूपी के कांधला में बस अड्डे पर मिले एक अज्ञात युवक से 4 हजार में रूपये में खरीदकर लाया था। पुलिस ने आरोपी पंजाब सिंह के खिलाफ थाना चांदनी बाग में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ के बाद रविवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# चुलकानाधाम में उमड़ी भक्तों की भीड़



चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा के दर्शनों के लिए लगी श्रद्धालुओं की लाइन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

चुलकाना धाम में आज भक्तों की भारी भीड़ रही। श्री श्याम बाबा मंदिर और श्री चुनकट ऋषि जी महाराज के मंदिर में भक्तों ने दर्शन किए। वहीं श्री लकीसर बाबा मंदिर में सुख शांति के लिए हवन यज्ञ किया गया। भक्तों ने सतयुगी तीर्थ में स्नान करके बाबा के दर्शन किए और मन्नत मांगी। हरियाणाए पंजाबएउत्तर प्रदेशए दिल्लीए राजस्थानए मध्य प्रदेशए उत्तराखंडए हिमाचल प्रदेश सहित अनेक शहरों से श्री श्याम बाबा के भक्त धर्म नगरी चुलकाना दरबार में पहुंचे। चुलकाना धाम मंडल भाजपा मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया ने बताया कि भक्तों की संख्या को देखते हुए दिल्लीए चंडीगढ़ए पानीपतए करनालए सोनीपतए रोहतकए जींदए आदि शहरों से हरियाणा रोडवेज बस सेवा शुरू कर देनी चाहिए।

- भक्तों ने सतयुगी तीर्थ में स्नान करके बाबा के दर्शन किए

# डेयरी से घी, पनीर, क्रीम और पचास हजार चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शनिवार की बीती रात सैयदा मोहल्ले के पास मेन रोड पर हैप्पी डेयरी से हजारों रुपये का क्रीम, घी, पनीर व लगभग 50 हजार की नगदी चोरी हो गई। चोरी की वारदात डेयरी में लगे कैमरों में कैद हो गई। तीन लड़के रात को 1 बजे दुकान के अंदर घुसे और 1-18 मिनट तक अन्दर रहे। लगभग 18 मिनट में हजारों रुपए का दूध से बने सामान व गल्ले का ताला तोड़कर उसमे से लगभग 50 हजार सिक्के-नोट लेकर फरार हो गए। सुबह जब डेयरी मलिक अमन गाबा सुपुत्र मुलख राज अपनी डेयरी पर आया तो देख पीछे वाली दुकान में गली की साइड पर लगे शटर उपर उठा हुआ था जोकि किसी लोहे की रॉड से बीचो-बीच उठा था। चोर इसी रास्ते से अंदर घुसे और डी फ्रिज में रखे हुए पनीर देसी घी और गले में से रखी हुई नकदी लेकर फरार हो गए। इस वारदात को देखते हुए अमन गाबा सुपुत्र मुलख राज ने पुलिस में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। और चोरो की पहचान भी पुलिस को जानकारी व साथ ही दुकान में लगे कैमरो की फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध करवाई। अमन गाबा की शिकायत पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

- वारदात डेयरी में लगे कैमरों में कैद

**विडंबना**

**दैनिक यात्री कई बार प्लेटफार्म बनाने की उठा चुके मांग**

बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को होती है परेशानी

# 66 साल बाद भी तंदवाल रेलवे स्टेशन पर नहीं बना प्लेटफार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




तंदवाल रेलवे स्टेशन का फाइल फोटो।

गांव तंदवाल के रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोनों प्लेटफार्म पर जब गाड़ी आकर रूकती है तो प्लेटफार्म न होने के कारण यात्रियों विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं व छोटे बच्चों के गाड़ियों में चढ़ने में परेशानी होती है। बता दें कि कुछ समय पहले रेलवे की ओर से अंबाला से सहारनपुर डाउन लाइन पर तो प्लेटफार्म को कुछ ऊंचा कर बनाया गया था लेकिन इसकी ऊंचाई भी रेलवे लाईन से मात्र एक फीट ही है जिस कारण यह भी ट्रेन के पायदान के लेवल में नहीं है जिससे यात्रियों को ट्रेन में चढने में परेशानी होती है। दैनिक यात्रियों मनोज, समीश कुमार, सोहन लाल, शिव कुमार, अनिल, अमित आदि ने तंदवाल रेलवे स्टेशन पर अंबाला सहारनपुर डाऊन व सहारनपुर से अंबाला अप दोनों लाईनों के प्लेटफार्म को ऊंचा कर बनाने की मांग की है ताकि यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में परेशानी न हो।

### 1957 में बना था स्टेशन

तंदवाल रेलवे स्टेशन की अगर बात करे तो यहां पर रेलवे स्टेशन वर्ष 1957 में बना था लेकिन तभी से इस स्टेशन पर प्लेटफार्म नहीं है। इसको लेकर कई बार स्थानीय लोग प्लेटफार्म बनाने की मांग कर चुके है लेकिन लगभग 66 साल का लंबा अर्सा बीत जाने के बाद भी यहां पर रेलवे अभी तक भी प्लेटफार्म नहीं बना पाई है। प्लेटफार्म न होने के कारण यात्रियों को ट्रेन में चढने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# चौकीदार की हत्या के मामले में एक आरोपी काबू

## होली के दिन रंग लगाने को लेकर हुए झगड़े में आरोपियों ने कर दी थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव गधौली माजरी में श्री राधे वुड्स फैक्ट्री के चौकीदार 24 वर्षीय राहुल की हत्या किसी और ने नहीं की थी, बल्कि उसके ही साथियों ने रंग लगाने को लेकर हुए झगड़े में उसकी डंडो व पत्थर मारकर हत्या कर दी थी। इस बात का खुल्लासा मामले में पकड़े गए एक आरोपी ने पुलिस पूछताछ में किया है। मामले में तीन आरोपी अभी फरार चल रहे हैं।

मामले की जांच कर रहे सदर यमुनानगर थाना प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस ने शक के आधार पर बिहार के जिला गोपालगंज के गांव बलथरी निवासी रितेश को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या करने का खुल्लासा किया।

- मामले में तीन आरोपी हुए फरार
- पकड़े गए एक आरोपी ने पुलिस पूछताछ में किया खुलासा

### फरार चल रहे आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आरोपित रितेश कैत स्थित बिंद्रा प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वहीं पर बने क्वार्टरों में रह रहा था। जबकि मृतक चौकीदार राहुल गधौली माजरी में श्री राधे वुड्स फैक्ट्री में नौकरी करता था। होली के दिन राहुल की आरोपियों ने रंग लगाने को लेकर हुए झगड़े में उसकी डंडो और पत्थर मारकर हत्या कर दी। मामले मे फरार चल रहे अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ये था मामला

श्री राधे वुड्स फैक्ट्री के संचालक कमल किशोर लुथरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बिहार निवासी राहुल मूल रूप से बिहार के जिला मधुबनी के गांव सन्ना पट्टी का रहने वाला था। उसने बताया था कि होली के दिन राहुल होली खेलने की बात कहकर फैक्टरी से निकला था। रात को जब वह ड्यूटी पर नहीं आया तो छिलाई ठेकेदार नागेश को काल कर उसके बारे में पूछा। लेकिन उसके बारे में कोई पता नहीं लगा। रात लगभग साढ़े 12 बजे पता लगा कि राहुल का शव फैक्ट्री के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ है। शव खून से लथपथ था। मुंह व सिर पर ईंट से वार किए गए थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसी दिन से मामले में जांच की जा रही थी।

## खबर संक्षेप

### ससुरालियों पर बहू को प्रताड़ित करने का केस दर्ज

**पानीपत।** शहर में पति और सास ने बहू पर दहेज में कैश के लिए जुल्म किया। ढाई साल पहले शादी हुई लेकिन पति के दूसरी महिला से संबंध और सास के अनैतिक कामों का विरोध करना महिला को भारी पड़ गया। ससुरालियों ने बहू को घर से निकाल दिया। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने बताया कि उसकी शादी सितंबर 2021 में नीरज निवासी दत्ता कॉलोनी के साथ हुई थी।

### ओपी जिंदल लौह पुरुष व कर्मवीर थे : राजेश

**थानेसर।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा, महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) एवं अग्रोहा धाम वैश्य समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्टील मैन ओपी जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित उपरांत कुरुक्षेत्र में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के महासचिव राजेश सिंगला ने कहा कि ओपी जिंदल लौह पुरुष थे व कर्मवीर थे।

### संपदर्श से गई महिला की जान

पानीपत। शहर की एक कॉलोनी के घर में एक महिला को सांप ने काट लिया। महिला जमीन पर गिर गई और अचेत हो गई। उसके मुंह से झाग आने लगे। आननफानन में परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। श्रीपाल ने बताया कि वह मूल रूप से यूपी के बदायुपुर का रहने वाला है। सास राजकुमारी परिवार सहित शहर की वधावाराम कॉलोनी में रहती थी। शनिवार की रात को वह अपने बच्चों के साथ घर में खाना खा रही थी। अचानक खाना खाते हुए वह बेहोश होकर नीचे गिर गई। उसे तुरंत सिविल अस्पताल लेकर गए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### जीटी रोड पर छबील का शुभारंभ

**पानीपत।** धर्म प्रमार्थ सभा व पानीपत आटो यूनियन द्वारा आज से जीटी रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास पानी की छबील का शुभारंभ कर दिया गया। यूनियन के प्रधान संजय शर्मा ने कहा कि आने वाले गर्मी के समय में यहां पर लोगों को यहां पर पीने के लिए ठंडा पानी उपलब्ध होगा।

---

स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दी में नॉन बोर्ड की कक्षाओं का परिणाम घोषित

# नर्सरी लोटस कक्षा की परीक्षा में तनीषा व चिराग ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

परीक्षा परिणामों को सुनकर खुशी से झूम उठे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दी में नॉन बोर्ड की कक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने भाग लिया। जबकि स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष स्नेह कांबोज विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि नॉन बोर्ड की कक्षाओं के परीक्षा परिणामों में नर्सरी लोटस कक्षा में तनीषा व चिराग प्रथम तेजस व आराध्या द्वितीय तथा समर, समृद्धि व कुंचित तृतीय स्थान पर रहे। जबकि नर्सरी रोज मे गर्वित व रिशभ प्रथम, सनाया व पुलकित द्वितीय तथा युग व निष्ठा तृतीय स्थान पर रहे। एलजी के पर्व त्यागी, दिवांशी, श्रेया व लविश प्रथम स्थान पर रहे। जबकि अभिनव, साबिर, उद्धव व चाहत, आदित्य तथा कापसी, तेजस, गौरी, नायरा, इवांशी तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी में भव्या, विवान, जिग्नेश व नव्या ने प्रथम स्थान पर कब्जा किया। वहीं, आरव शर्मा,यशिका, परिधि व रूही द्वितीय स्थान पर तथा तूजोत ग्रोवर, मनन, भव्या व दिनेश तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा प्रथम में जश्न, वासु व कृष्ण ने क्रमशः 97, 96, व 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहले दूसरे तथा तीसरे स्थान पर कब्जा किया। इसी तरह कक्षा प्रथम के दूसरे ग्रुप में मेहुल, पलक व मान्य ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने क्रमशः 99 प्रतिशत, 97.5 प्रतिशत व 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दूसरी कक्षा के बच्चों में नैतिक ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, ईयान ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और अक्षरम तथा विनायक ने 96-96 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि रोहन 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। इसके साथ ही दूसरी कक्षा के ग्रुप बी में ट्विंकल ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि सूयांर्श, मन्नत व शिवांश पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। तीसरी कक्षा के विभिन्न ग्रुप में परी 98.3 प्रतिशत, जेसवी 96.6 प्रतिशत, केविन 93.3 प्रतिशत, हंसिका ने 93.3 प्रतिशत, रितविक ने 95.6 प्रतिशत व वरदान ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए। चौथी कक्षा में पहले दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों में अदिति ने 97 प्रतिशत, हरमन ने 95.3 प्रतिशत, आरवी ने 95 प्रतिशत, तथा हर्षित ने 94.3 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। चौथी कक्षा के सी वर्ग में आदित्य ने 98.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। पांचवी कक्षा में अमनदीप, लैविश व चैतन्या ने प्रथम, श्रुति, नैंसी व सोफिया तथा यश ने दि्तीय और विराज व पावकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छठी कक्षा के बच्चों में विदित ने प्रथम, मानवी ने दि्तीय तथा अभिनव ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि ग्रुप बी में भाविका ने पहला, भाविका बहादुरपुर ने दूसरा तथा सृष्टि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सातवीं व आठवीं कक्षा में रूहानी 97.7 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रही। जबकि नैतिक 98. 8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और कनक 97 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।



**यमुनानगर।** स्टार वे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दी में आयोजित समारोह में परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक हासिल करने पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

### बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

इसी तरह चाहत 94.5 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, भव्या, प्रभजोत, याशिका, रितिका व केशव द्वितीय स्थान पर रहे। जबकि समन्वी, अंशिका, छवि, लोकेश तथा तृषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नौवीं कक्षा के प्रथम वर्ग में विधि 97.3 प्रतिशत, खुशी 96.6 प्रतिशत तथा मानवीय 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः पहले, दूसरे तीसरे स्थान पर रहे। जबकि इसी कक्षा के द्वितीय वर्ग में आदित्य ने 93 प्रतिशत, हरमनजीत ने 90.6 प्रतिशत तथा चाहत ने 85.3 प्रतिशत अंक लेकर पहला दूसरा ट और तीसरा स्थान हासिल किया। 11वीं कक्षा में पारुल ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी कक्षा में टॉप किया । वहीं, जानवी ने 89.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और अनुज ने नॉन मेडिकल से 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अला सुखविंदर ने कला संकाय में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। नौवीं कक्षा के तीसरे ग्रुप में शिवांकी प्रथम, विवेक द्वितीय तथा नंदिनी तृतीय स्थान पर रहे। अध्यापक वर्ग ने सभी बच्चों को आने वाले वर्ष में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा शुभकामनाएं दी। मौके पर जोगिंद्र सिंह समेत अन्य स्टॉफ सदस्यों ने सभी बच्चों को शुभकॉमनाएं दी।

---

### पुत्रवधू व उसके मायके वालों पर लगाया चोरी करने का आरोप

- दो लाख रुपये , जेवर, चांदी के बर्तन व अन्य सामान गायब मिले
- पुलिस ने केस दर्ज किया

**यमुनानगर।** प्रोफेसर कॉलोनी निवासी गुरमीत कौर ने अपनी पुत्रवधू व उसके मायके वालों पर घर से दो लाख रुपये की नकदी, जेवर व अन्य सामान चुराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी पुत्रवधू, उसकी मां व मामा के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरमीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी दीपिका उसकी पुत्रवधू है। दीपिका का उसके लड़के से मतभेद चल रहा है। जिनका कोर्ट केस चल रहा है। वह आरोपी से परेशान होकर अपने लड़के के साथ अलग रहती है।

29 मार्च को वह अपने घर आई तो उसकी पुत्रवधू ने उन्हें घर के अंदर नहीं आने दिया। जिस कारण उन्हें पुलिस बुलानी पड़ी। जिसके बाद वह अंदर गए तो उसने देखा कि उसके कमरे में सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर कमरे से दो लाख रुपये की नकदी, पुस्तैनी जेवर, चांदी के बर्तन व अन्य सामान गायब मिला। उसने आरोप लगाया कि दीपिका ने अपनी मां नीना मैहता व मामा नई दिल्ली निवासी राजेश चोपड़ा के साथ मिलकर उसके घर में चोरी की है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

## मेधावी बच्चों को किया पुरस्कृत

- स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित किया अभिभावक अभिविन्यास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में अभिभावक अभिविन्यास कार्यक्रम गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा जौली कालरा ने भाग लिया। कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या पूजा जौली कालरा ने बताया कि स्कूल की सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाण उत्कृष्ट रहा है। मौके पर सभी मेधावी बच्चों को विद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में मौके पर अभिभावक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को नए सत्र 2024-25 के बारे में विस्तारपूर्वक बताना था। प्रधानाचार्या पूजा जौली कालरा ने अभिभावकों के साथ मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए योजनाएं बनाई तथा अपने विचार उनके साथ सांझा किए। उन्होंने अभिभावकों का धन्यवाद किया ।




**यमुनानगर।** स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर में मेधावी बच्चों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- शैक्षणिक भ्रमण करने से विद्यार्थियों का होता है सर्वांगिण विकास : डॉ . कंग

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों का मसूरी में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने किया। प्रिंसिपल डॉ. हरिंदर सिंह कंग ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के लिए कॉलेज के शिक्षा विभाग की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को कक्षा के बाहर व्यावहारिक सीखने के अनुभव प्रदान करने में इसके महत्व पर जोर दिया। मौके पर कॉलेज के शिक्षा विभाग के प्रमुख डॉ. जगत सिंह ने अनुभवात्मक सीखने के अवसरों और विविध सांस्कृतिक और पर्यावरणीय पहलुओं के संपर्क पर ध्यान केंद्रित करते हुए यात्रा के शैक्षिक उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रो. राजू, डॉ. संगीता रानी, प्रो. पूजा रानी और लाइब्रेरियन रविता सैनी की आयोजन समिति ने यात्रा की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने और सभी प्रतिभागियों के लिए समृद्ध अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन में शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की और समग्र शिक्षा और अनुभवात्मक शिक्षा के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।




**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थी मसूरी में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण करते हुए।

---

## सास-ससुर पर लगाया मारपीट करने का आरोप

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज
- आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

शहर के हरदेव नगर निवासी पूजा राणा ने अपनी सास-ससुर पर उसके व उसके पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पूजा राणा ने बताया कि 29 मार्च को वह अपने पति शिवेंद्र के साथ घर पर थी।

तभी उसका ससुर राजिंद्र व सास सरिता वहां पर आए। आरोपियों ने आते ही उन दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह दोनों घायल हो गए। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## ग्रामीण चौकीदार और नौजवान लगाएं ठीकरी पहरा

- जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने फसलों के अवशेषों को जलाने पर अंकुश लगाने के लिए दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

फसलों के अवशेषों को जलाने पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने पंजाब विलेज एंड स्माल टाउन एंड पैट्रोल एक्ट 1918 की धारा 3(1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला के सभी गांवों के चौकीदारों तथा स्वस्थ नौजवानो की अपने अपने क्षेत्रों में ठीकरी पहरा लगाने के लिए आदेश दिए हैं। ताकि फसलों के अवशेषों को जलाने पर अंकुश लगाया जा सके। इस कार्य को करवाने की जिम्मेवारी पूर्ण रूप से जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सभी तहसीलदार, सभी नायब तहसीलदार व उप निदेशक कृषि एवं कल्याण विभाग की होगी। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होंगे। उपायुक्त एवं जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि प्रायः देखने में आया है कि यमुनानगर जिला की सीमा के भीतर फसलों की कटाई मशीन से करवाने के पश्चात फसल अवशेषों को जला दिया जाता है।

फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले प्रदूषण से मनुष्य के स्वास्थ्य, संपत्ति की हानि, तनाव, क्रोध या मानव जीवन को भारी खतरे की संभावना बनी रहती है। आग लगने से आस पास के क्षेत्रो में जान माल की हानि भी हो सकती है। जबकि फसल अवशेषों से पशुओं के लिए तुड़ा यानी भूसा बनाया जा सकता है।

इसके जलाने से चारे की भी कमी हो सकती है। इसलिए फसल अवशेषों को जलाने पर अंकुश लगाने के लिए जिला यमुनानगर के प्रत्येक गांव में ठीकरी पहरा लगाने के आदेश पारित किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में आदेशों की जानकारी देते हुए जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

## भाजपा ने मनाई स्व. जिंदल की पुण्यतिथि

- रादौर में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम
- स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

भाजपा ने हरियाणा के पूर्व ऊर्जा मंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि रविवार को रादौर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेता संदीप सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। भाजपा नेता संदीप सैनी ने कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश जिंदल गरीबों के सच्चे मसीहा थे। जिनका जीवन गरीबों की भलाई में बीता। उन्होंने गरीब, मजदूर, किसान हित में संघर्ष किया। हरियाणा के विकास में उनके द्वारा दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। आज उनके नक्शे कदम पर चलते हुए उनके बेटे पूर्व सांसद व उद्योगपति नवीन जिंदल गरीबों की भलाई करने में लगे हुए है। उनकी ओर से जनता की भलाई के लिए अनेक कार्य किए गए।

---

दिव्य ज्योति जाग्रती संस्थान आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

# मनुष्य अपने भाग्य का स्वयं है निर्माता: भारती

- साध्वी नीरू भारती ने कार्यक्रम में साध संगत को आध्यात्मिक रहस्यों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रती संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी नीरू भारती ने साध संगत को आध्यात्मिक रहस्यों से अवगत करवाया। साध्वी नीरू भारती ने फरमाया कि मनुष्य अपने भाग्य का स्वयं निर्माता है। लेकिन भाग्य को समझने के लिए हमें अपने पुरातन ऋषि महर्षियों के ज्ञान को समझना होगा। वे साधारण जनमानस को समझाते हैं कि भाग्य हमारे ही द्वारा किए गए कमोंर् का फल है। कर्म वह बीज है जिसे हम अपने जीवन काल के दौरान रोपित करते हैं । यह बीज कब फल स्वरुप हमें प्राप्त होगा यह प्रकृति स्वयं निश्चित करती है।

जब भी हमारे मन में कोई विचार आता है या हमारी वाणी के द्वारा कोई शब्द बोला जाता है अथवा हमारे भौतिक शरीर के द्वारा कोई भी कर्म किया जाता है वह हमारे अवचेतन मन की सूक्ष्म परत में जाकर संचित कर्म का रूप धारण कर लेता है। इस कर्म के चक्रव्यूह से एक जीवात्मा सदैव जन्म और मृत्यु के पाश में बंधा रहता है। लेकिन हमारे संत महापुरुष इस समस्या का निदान हमें प्रदान करते हैं।





**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में अध्यात्मिक रहस्यों के प्रति साध संगत को जागरुक करते हुए और श्रवण करती साध संगत। *फोटो : हरिभूमि*

### जीवन को सार्थक करने के लिए गहन रहस्य को समझना होगा

उन्होंने फरमाया कि इसके बाद वह जो भी कार्य करता है वह कर्म पूजा कहलाता है। हमें नश्वरता के बंधनों में बांधने वाले कर्म कदापि पूजा नहीं कहला सकते। अपितु वह कर्म पूजा है जो हमें जीवन रहते स्वार्थ और अहंकार से मुक्ति प्रदान करता है। यदि हम अपने जीवन को सार्थक करना चाहते हैं तो इस गहन रहस्य को हमें समझना होगा। एक ऐसा कर्म करना होगा। जिससे हम सभी कमोंर् के बंधनों से जीवन रहते ही मुक्त हो जाएं। सत्संग कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।

## जितेंद्र शर्मा बने गौड ब्राह्मण सभा के प्रधान

- गौड ब्राह्मण सभा रादौर की आयोजित हुई बैठक
- बैठक में कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

गौड ब्राह्मण सभा रादौर के सदस्यों की कस्बा स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में आगामी तीन वषोर्ं के लिए सर्वसम्मति से जितेंद्र शर्मा को प्रधान नियुक्त किया गया।

वहीं, विजय कुमार को उपप्रधान, अनुप पांडे को महासचिव, अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष, नीरज दीक्षित को सह सचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान जितेंद्र शर्मा ने कहा कि सभा की ओर से उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है। वह उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पालन करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए सभा के पदाधिकारियों का हार्दिक आभार प्रकट किया।



**यमुनानगर।** रादौर में नवनियुक्त पदाधिकारियों को फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित करते गौड ब्राह्मण सभा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान का मरीजों को मिल रहा पूरा लाभ

**पिहोवा।** मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंदों के लिए लाभदायक ही नहीं बल्कि जीवनदान साबित हो रही है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए पिहोवा के कई अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत पंजीकृत है। सरस्वती मिशन अस्पताल के निदेशक डॉ. सुदर्शन चुघ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अस्पताल में पिछले तीन मास में लगभग 1250 अनेक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के आपरेशन व इलाज किया गया।

### गुरु के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहना चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्री ब्रह्मा मंदिर में कुरड़ी वाले महाराज द्वारा साप्ताहिक प्रवचन करते हुए प्रेरणा दी कि प्रत्येक जीवात्मा को अपने गुरु के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहना चाहिए। गुरु आज्ञा का पालन करने वाले जीव के जीवन में कभी भी अप्रिय घटना नहीं हो सकती क्योंकि वह गुरु प्यार के आश्रित रहता है उसे यह ज्ञान भी हो जाता है कि वह समस्त जगत के प्राणी कर्मों के आश्रित दुखों के आवागमन से बच नहीं सकते। इसीलिए पूर्ण रूप से आश्रित रहना ही महा सुखदाई है जो कर्म जाल से मुक्त कर दुखों से सदा दूर रखते हैं।

### वार्षिक भंडारे का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के किर्मच मार्ग एनआईटी गेट के सामने बाबा सीता राम आश्रम समाधि स्थल पर ब्रह्मलीन बाबा सीता राम जी का वार्षिक भंडारा आयोजित हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए आश्रम के प्रधान यश पाल अग्रवाल अधिवक्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज प्रातः सुंदरकांड का पाठ हवन किया गया। इस अवसर पर षडदर्शन साधुसमाज के संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक ने बताया कि बाबा सीताराम इस धरती पर एक त्रिकालदर्शी संत थे।

### शिविर से स्वयंसेवकों में होता है कौशल विकास

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की एनएसएस यूटीडी इकाई द्वारा 25 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2024 तक लोकतंत्र का महापर्व और युवाओं की सहभागिता नामक थीम पर चलने वाले विशेष साप्ताहिक शिविर के सातवें दिन स्वयंसेवकों ने नरकातारी गांव के पंचायत घर में शिविर का समापन समारोह मनाया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर ए.आर.चौधरी ने मुख्य अतिथि और नरकातारी गांव के सरपंच केहर सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

### ओपी जिंदल लौह पुरुष व कर्मवीर थे : राजेश सिंगला

**थानेसर।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा, महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) एवं अग्रोहा धाम वैश्य समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्टील मैन ओ.पी. जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने कहा कि ओ.पी. जिंदल लौह पुरुष थे व कर्मवीर थे।

## जरूरत पड़ने पर रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है : सुभाष सुधा

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के रक्तदान शिविर में 100 ने किया रक्तदान

### ट्रस्ट ने धर्मनगरी के श्रीदुख भंजन महादेव मंदिर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। रक्तदाताओं के साथ एवं रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने धर्मनगरी के श्रीदुख भंजन महादेव मंदिर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस रक्तदान शिविर में स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि परमजीत सिंह मौजूद रहे। सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के ट्रस्टी विवेक शर्मा एवं जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यू.के. निरंतर समाजसेवा के कार्यों की कड़ी में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्था का प्रयास है कि जरूरतमंद एवं अस्पताल में जीवन की लड़ाई लड़ रहे किसी भी व्यक्ति को रक्त समय पर मिले। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सेवा ट्रस्ट यू.के. के इंडिया कार्यों की और कहा कि सेवा ट्रस्ट जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में बहुत ही सक्रिय रूप से समाज सेवा के कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि युवाओं को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। हर 18 वर्ष से 65 वर्ष की आयु के व्यक्ति तीन महीने बाद रक्तदान कर सकते हैं। इस से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। जरूरत पड़ने पर रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि परमजीत सिंह व युवा नेता साहिल सुधा ने कहा कि दुनिया मे रक्त का कोई विकल्प नहीं है। रक्त की कमी रक्त से ही पूरी की जा सकती है। रक्त की कमी न रहे इसके लिए हमें समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके से पूजा सैनी, फर्स्टक्राय इनटैलीटाटस प्रीस्कूल और डे केयर सेंटर के चेयरमैन नरेश शर्मा ने मौजूद सभी रक्त दाताओं का धन्यवाद किया। संस्था की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी को रियल जूस गिफ्ट पैक भेंट किए गए। कहा कि भविष्य में भी संस्था ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। शिविर में कुल 100 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर पर डा. अवनीत, पुनीत शर्मा, विजय पंघाल, योगेश गर्ग, विजय गर्ग, रमेश गुप्ता, राजपाल कालड़ा, अमित कालड़ा, राष्ट्रीय सेवा शिविर से स्नेहा, वशिका, प्रमोद बंसल, विक्की सैनी, जसबीर राणा, मनीष मित्तल, राजेश सैन, सुमन्त सैनी, महिपाल सैन, रमेश थाना, दिलबाग, अनिल आर्य, विक्रम, राजन, प्रमोद सिंगला इत्यादि मौजूद रहे।



## ओपी जिन्दल की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद और हरियाणा के पूर्व ऊजार्मंत्री ओपी जिन्दल की 19वीं पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में 447 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि ओपी जिन्दल लोगों के सुख-दुख के साथी और हरियाणा की शान थे। एक समर्पित समाजसेवी होने के साथ-साथ वे एक सफल उद्यमी भी थे और उनका नाम दुनिया के कोने-कोने में फैला हुआ था। हैल्पर्स शाहबाद सोसायटी के सहयोग से ओ.पी. जिन्दल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर का संयोजन पीजीआई-चंडीगढ़ के डॉ. सुचेत सचदेवा और जीएमसीएच-32 की डॉ. रवनीत कौर ने किया। शाहबाद मारकण्डा के श्रीमद् देवी भगवती बाला सुन्दरी मंदिर में प्रातः 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक आयोजित इस रक्तदान शिविर में अंत तक उत्साही दानवीरों की भीड़ रही। हैल्पर्स शाहबाद सोसाइटी के प्रधान तिलकराज अग्रवाल की इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कलसाना के पूर्व सरपंच विष्णु भगवान गुप्ता और संतोष गुप्ता की भी इस आयोजन में भागीदारी रही।



### शक्तिपीठ में सेवक मंडल की हुई मीटिंग

**कुरुक्षेत्र।** चैत्र नवरात्रि आने में अब कुछ ही दिन शेष हैं। नवरात्रि के दौरान शक्ति के सभी 9 स्वरुपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इस साल माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में शक्ति महोत्सव 8 अप्रैल से शुरू होकर 23 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नवरात्रि मनाए जाएंगे। इसी उपलक्ष में आज आयोजन समिति की मीटिंग हुई और फाइनल रिहर्सल की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने मीटिंग में सभी कार्यकताअरं को सेवा के महत्त्व के बारे में बताया। सभी सेवकों को सर्वप्रथम 8 अप्रैल, सोमवार को निकाली जाने वाली हरियाणा की सबसे विशाल शोभायात्रा व 9 अप्रैल को हिन्दू नव वर्ष के आतिशबाजी महोत्सव के लिए तैयार किया गया। शोभायात्रा के साथ ही इस बार शक्तिपीठ की पहचान के रूप में अद्भुत तिलक लांच किया जाएगा। पीठाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष 6 जून, शनि जयंती को श्रीशनि देव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा भी की जाएगी। इस मौके पर शिमला देवी, प्रो हेमराज शर्मा, सेवा प्रमुख श्री देवेंद्र हाबड़ी, एमके मौदगिल, संजीव मित्तल, रामपाल लाठर, आशीष दीक्षित रहे।


लाडवा। मंडल अध्यक्ष प्रवीण पांचाल के कार्यालय पर जानकारी देते समाजसेवी संदीप गर्ग।

### लोकसभा में भाजपा लहराएगी परचम : संदीप गर्ग

**लाडवा।** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस बार लोकसभा में भाजपा पार्टी से 400 से अधिक सांसद बनेंगे। एक बार फिर देश में भाजपा की सरकार बनना तय है। भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग रविवार को लाडवा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण पांचाल के कार्यालय पर पत्रकारों से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार देश में 400 से भी अधिक लोकसभा सीटों पर भाजपा अपना परचम लहराएगी। वहीं उन्होंने कहा कि वह हाल ही में कुछ दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से लाडवा हलके के विकास के लिए चर्चा करने के लिए गए थे और उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया था कि लोकसभा चुनाव के बाद लाडवा हलके के जितने भी विकास कार्य रुके पड़े हैं, वह तेजी के साथ पूरे कार्रवाई जाएंगे। इस अवसर पर घनश्याम कम्बोज, आजाद शर्मा, हुकम सिंह, ज्ञान सिंह बराहण, देवेन्द्र गोल्डी, संदीप ढांगी आदि मौजूद रहे।

### लोकतंत्र के महापर्व में भाग : एड. अंकित

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के हरियाणा स्टेट सेक्रेटरी एवं जिला कष्ट निवारण समिति के निवर्तमान सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने आमजन से अपील की है कि लोकतंत्र को जीवत रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है और किसी नशा, लालच आदि के प्रभाव तहत वोट ना डालें बल्कि सोच समझ कर सही उम्मीदवार को चुने ताकि सही व्यक्ति का चुनाव किया जा सके। अंकित गुप्ता ने कहा कि अगर हम घर से निकल कर मतदान केंद्र में वोट डालने जाएंगे।





### स्वर्गीय ओपी जिंदल को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** ओपी जिंदल पार्क मे राज्यमंत्री सुभाष सुधा एवं भाजपा कार्यकर्ताओ ने स्वर्गीय ओ पी जिंदल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। हरियाणा सरकार में राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि ओपी जिंदल हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके जो विचार थे आज पार्टी भी उन्ही विचारों पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल हरियाणा सरकार में ऊर्जा मंत्री रहे और उन्होंने उसी ऊर्जा के साथ काम किया। उन्होंने कहा स्वर्गीय जिंदल ने देश के लिए जो सपने देखे थे उन्हे पूरा करने के लिए आज भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता लगा हुआ है। इस अवसर पर चेयरमैन जय सिंह पाल, जिला महामंत्री जस्विन्द्र सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रामपाल पाली, मेम्बर ग्रीवेंस कमेटी विनीत क्वात्रा, जिला उपाध्यक्ष देवी दयाल, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, विनीत बजाज, अमित रोहिल्ला, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल सुधा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष परमजीत कश्यप, रेखा वाल्मीकि, विजय लक्ष्मी, पवन गर्ग, मण्डल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, दीपक चौहान, विवेक रावत, प्रवीन ढींगरा आदि रहे।

## छुपी प्रतिभा को उभारने का अच्छा माध्यम है खेल: कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद


शाहबाद। क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते समाजसेवी सुभाष कलसाना।

शाहबाद के गांव चढूनी जट्टान में एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्यातिथि एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य समाजसेवी सुभाष कलसाना ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। टूर्नामेंट के आयोजन कर्ता टीम के सदस्य खेम सिंह और विकास कुश ने कहा कि एक दिवसीय चलने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेट में ग्रामीण और शहरी आँचल से आने वाली कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी जिसका शुभारंभ समाजसेवी सुभाष कलसाना ने किया। वही मुख्यातिथि सुभाष कलसाना ने युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मनुष्य को तनाव मुक्त रखते हैं तथा उसके शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए प्रत्येक उम्र के व्यक्ति को किसी ना किसी प्रकार की खेल गतिविधि में भाग लेना चाहिए। खेल से युवाओं में एकता की भावना पैदा होती है। उनका व्यक्तित्व विकास होता है। आगे चलकर यही युवा देश का नाम रोशन करेंगे, खेल प्रतियोगिता का मकसद खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना है इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास बढ़ता है। कलसाना ने युवा खिलाड़ियों और दर्शकों से आवहान किया कि नशे से नाता तोड़कर, खेलो से नाता जोड़ना चाहिए इसके लिए हमे खुद जागरूक होकर आमजन को भी नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करना चाहिए। वही भाजपा ओबोसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत ढांगी ने कहा कि खेलो का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है खेल हमारे सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक हैं। इनसे टीम भावना का भी विकास होता है। इस मौके पर गौरव सैनी, आर्यन शर्मा, जन्टी कुश, रोहित, रवि, मोहित, सूरज, होशियार सिंह, तनिष, गुलशन निम्मा, संजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रत्याशियों के लिए आसान नहीं होगा कुरुक्षेत्र का रण जीतना

- किसी महाभारत से कम नही होगा कुरूक्षेत्र लोस का चुनावी मुकाबला

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा


शाहबाद। क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते समाजसेवी सुभाष कलसाना।

धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र में जहां एक ओर महाभारत का युद्ध हुआ था वहीं राजनीतिक रूप से लोकसभा चुनावों में भी यहां विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों में मुकाबला किसी महाभारत से कम नही है। चुनावी रण में विभिन्न पार्टियों ने अपने अपने प्रत्याशी उतार दिए है। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं कुरूक्षेत्र से कांग्रेस के दो बार सांसद रह चुके नवीन जिंदल को अबकी बार भाजपा ने टिकट दिया है, वहीं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं आप पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता को टिकट देकर चुनावी रण में उतारा है। इनेलो पार्टी की ओर से स्वयं अभय चौटाला मैदान में उतरे है। अभी जजपा की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा नही की गई है। लोकसभा के चुनावी रण में मुख्य मुकाबला इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता व भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के बीच बताया जा रहा है। कयोंकि कांग्रेस से दो बार सांसद रहे नवीन जिंदल को भाजपा द्वारा रातोंरात प्रत्याशी बनाने से कुरूक्षेत्र लोस क्षेत्र में हलचल पैदा हो गई है। लेकिन एक ही समुदाय से दो प्रत्याशी उतारे जाने से जहां समुदाय के लोग असमंजस में है वहीं जिंदल के साथ सांसद के दौरान कांग्रेस से जुड़े उनके समर्थक एवं कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे है। जिसका सीधा असर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता पर पड़ता दिखाई दे रहा है। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता व इनेलो पार्टी प्रधान महासचिव अभय चौटाला कईं दिनों से चुनावी मैदान में अपने प्रचार का बिगुल बजा दिया है। सूत्रों के अनुसार चौटाला कुरूक्षेत्र लोस क्षेत्र की जहां जाट वोट बैंक हासिल कर सकते हैं वहीं अन्य बिरादरियों के वोट प्राप्त करने को लेकर वे पूरे जोर शोर से भाग दौड़ कर रहे है। जिससे नवीन जिंदल ओर सुशील गुप्ता के बीच मुकाबला ओर रोचक होने के आसार नजर आ रहे है।

### महाराजा अग्रसेन ने दिया भाईचारे का संदेश

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय वैश्य महासभा के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेघराज बंसल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन ने आपसी भाईचारा और अहिंसा का संदेश समस्त जगत को दिया तथा अहिंसा एवं आपसी सद्भाव के दम पर एक मजबूत समाजवाद की स्थापना की। जिसे हम आज गर्व से लोकतंत्र कहते हैं। उन्होंने कहा कि आज से लगभग 5600 वर्ष पूर्व उन्होंने प्रत्येक गरीब परिवार को एक रुपया और एक ईंट देने की प्रथा चलाकर महाराज अग्रसेन ने संपूर्ण जगत में एक मिसाल कायम की।





### पूर्व मंत्री चौधरी सुरेंदर सिंह की पुण्यतिथि पर किया नमन

**कुरुक्षेत्र।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलजीत सिंह ने कहा है कि हरियाणा के पूर्व कृषिमंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसी लाल के सुपुत्र चौधरी सुरेंदर सिंह गरीबों के हमदर्द व युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने जीते जी गरीब व युवाओं के हित के लिए काम किया। उनके मन में हमेशा प्रदेश को आगे बढ़ाने की इच्छा रहती थी। वे रविवार को स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर ब्रह्म सरोवर के तट पर स्थापित ऐतिहासिक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में उनकी पुण्यतिथि पर किए गए कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मन्दिर पूजा अर्चना की गई। मन्दिर के मुख्य सरंक्षक राष्ट्रपति अवार्डी, पूज्य पंडित प्रेम शर्मा द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। इस अवसर पर नीलकंठ शर्मा, सुरेंदर कुमार, रविंदर तोमर, राहुल प्रियंका सेवा के जिला अध्यक्ष सुधीर चुघ , डॉ अशोक शर्मा, डॉ सारांश, पुष्पेंदर तोमर, अशोक शर्मा, शिव कुमार प्राशर, रमन शर्मा, पवन कुमार, हिमांशु शर्मा, कैलाश शर्मा, विजय कुमार, रामफल, डॉ जीत सिंह शेर, भारत भूषण शर्मा, सुशांत चौधरी रहे।



### शिक्षा का अंतिम लक्ष्य केवल ज्ञान नहीं बल्कि कार्य होना चाहिए : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा लगता है। शिक्षा के बिना हम ज्ञान, समझ और सोचने की क्षमता से वंचित रह जाते हैं। यह एक ऐसा माध्यम है जो हमें समझने और सीखने में मदद करता है और हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक विकास को बढ़ावा देता है। शिक्षा का अंतिम लक्ष्य केवल ज्ञान नहीं बल्कि कार्य होना चाहिए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सभी प्रकार के लोगों को शिक्षा के महत्व और इस लगातार बदलती दुनिया में शिक्षित होने के लाभों को समझाना महत्वपूर्ण है। यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर के वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिभा संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। विद्यार्थिओ को सम्बोधित करते हुए डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा शिक्षा केवल ज्ञानार्जन करना नहीं है हालांकि, इसका अर्थ खुश रहने, दूसरों को खुश करने, समाज में रहने, चुनौतियों का सामना करने, दूसरों की मदद करने, बड़ों की देखभाल करने, दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करने आदि के तरीकों को सीखना है। कार्यक्रम में आचार्य नरेश कौशिक, एडवोकेट गुलशन सैनी, मास्टर बाबूराम सहित आश्रम के सदस्य एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

### चौथी बार महासचिव बने राजेश सिंगला

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें कुरुक्षेत्र से राजेश सिंगला को चौथी बार प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी आगामी दो वर्ष के लिए दी गई है और साथ ही साथ सुमित गर्ग हिन्दुस्तानी को प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया। प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला एवं प्रदेश प्रवक्ता सुमित गर्ग हिन्दुस्तानी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने प्रदेश कार्यकारिणी का चयन करने के लिए चुनाव अधिकारी एम.पी. जैन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था।



### महंत प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव

# वार्षिक परीक्षा में मेधावियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। समारोह में मंचासीन अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री, हरियाणा सरकार, सुभाष सुधा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त डा वैशाली शर्मा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामण्डलेश्वर महंत विधागिरी महाराज व महंत विश्वनाथ गिरी ने संयुक्त रूप से की। प्रधानाचार्य भजन सिंह राठौर ने बताया कि विधालय के 25 वें स्थापना वर्ष को धूमधाम से वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के संस्थापक पूज्य पाद ब्रह्मलीन महंत प्रभात पुरी महाराज को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। सुधा ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित भी किया। माता पिता को बधाई दी। अतिरिक्त उपायुक्त डा वैशाली शर्मा ने विधार्थियों को कठिन परिश्रम व ऊंचे सपने लेने के लिए प्रेरित किया। मंच पर प्रस्तुत की गई विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित भी किया। विद्यालय के अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज ने अपने संबोधन में माता पिता को बच्चों को अच्छे संस्कार देने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं भी दी। महंत प्रभात पुरी जी के शिष्य,मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब से विशेष रूप से पधारे तरसेम मंगला व गौरव बंसल ने विधालय मे नवनिर्मित अतिथि कक्ष का पूरा खर्च नकद देते हुए अपने कर कमलों से इसका शुभ मुहूर्त किया। महामण्डलेश्वर विधागिरी जी महाराज, ट्रस्टी रामनिवास शर्मा व नवनियुक्त विधालय प्रबंधक सुनील सचदेवा ने भी उपस्थित जनों को विधालय की सिल्वर जयंती की बधाई दी। सुनील सचदेवा ने हर क्षेत्र में भाग लेने वाली प्रतिभाशाली होनहार छात्राओं नवजोत,हनीफा, खुशप्रीत, मधु, हरमन, खुशबू व मेघा आदि बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया। मंच संचालन प्रख्यात पत्रकार विनोद अरोड़ा ने किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर परमहंस संत ज्ञानेश्वर महाराज, महंत महेश मुनि महाराज, उपप्रबंधक रमेश सचदेवा, दीपक गुप्ता, हरीश अरोड़ा, प्रेम मदान, दर्शन लाल पाहवा, मूल चंद गुप्ता, प्रोफेसर दिनेश अनेजा, रमन अनेजा, आशीष अनेजा, उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, ज्योति रानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### 400 से ज्यादा सीटें हासिल करेगा एनडीए

**अंबाला।** 6 अप्रैल तक चलने वाले लाभार्थी संपर्क अभियान के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी महेश नगर मंडल की बैठक लाभार्थी संपर्क अभियान मंडल संयोजक प्रवेश सोबती की अध्यक्षता में निकलसन रोड स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मंडल अध्यक्ष विजेंद्र चौहान ने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए की सरकार के 10 वर्षों के शासन को देखा है, उस समय जिस प्रकार से देश में परिवारवाद, भ्रष्टाचार, आतंकवाद चरम सीमा पर था।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र में चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सतीश कुमार व जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता साहिल ने 3 फरवरी 2024 को दर्ज करवाई थी कि 2 फरवरी 2024 की रात्रि को कालपी से किसी ने उसके ट्यूबवेल से स्टार्टर व बिजली की तारें चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज अवैध हथियार रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी शुभम को गिरफ्तार किया है। इस मामले मे पहले गिरफ्तार आरोपी मन्नी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि शुभम भी इस मामले में संलिप्त है। सीआईए टू को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है। जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना के आधार पर आरोपी को काबू कर उसकी तलाशी लेने पर देसी पिस्तौल व तीन जिन्दा रौंद बरामद हुए थे। आरोपी की पहचान मन्नी के रूप में हुई थी।

### आरोपी को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेंद्र सिंह को शामिल जांच किया है। परिवादी ओम प्रकाश ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मार्च 2024 को बलदेव नगर फ्लाईओवर के पास आरोपी वाहन चालक ने कार सवार पवन को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### 66 बोतल शराब सहित तीन आरोपी काबू

**अंबाला।** शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को 66 बोतल देशी अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब तस्करी का कारोबार करते हैं। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर तीनों को काबू किया।

## भड़ी गांव में ग्रामीणों की निशुल्क हुई मेडिकल जांच, दवाएं भी उपलब्ध करवाई



**अंबाला।** पं. केदारनाथ शर्मा चैरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को भड़ी गांव के गोगा माड़ी में लगाया गया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टेस्ट, एचबी. निशुल्क किए गए। साथ ही परिवार पहचान पत्र व हैप्पली कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में डॉ. अंकित शर्मा ले 57 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा व उन्हें परामर्श दिया। डॉ. अमित गुप्ता ने 59 ग्रामीणों की आंखें जांचीं इनमें से 9 ग्रामीणों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। डॉ. आरसी जिंदल ने 12 ग्रामीणों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों की जांच की। स्वास्थ्य जांच के बाद ग्रामीणों को दवाइयां भी निशुल्क दी गईं। कैंप में 62 ग्रामीणों ने अपने रक्त की जांच करवाई जिन्हें उनकी रिपोर्ट बहुत जल्द सौंप दी जाएगी। वहीं, कैंप में जिन ग्रामीणों की वार्षिक प्रमाणित आय एक लाख रुपए तक थी ऐसे 35 ग्रामीणों के हैप्पी कार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए। फर्स्ट इन क्लास प्लेटफार्म के लिए 10 बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया।

## मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का डीसी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने रविवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत मतगणना केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ एआरओ एवं एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एआरओ बिजेंद्र सिंह, एआरओ यश जालुका मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा के दृष्टिगत सबसे पहले अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर-9 अम्बाला शहर में बनाए जाने वाले मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम के साथ-साथ ईवीएम व वीवीपैट को रखने के लिए जो स्थान चिन्हित उसका अवलोकन किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की गार्द व सीसीटी कैमरे लगाए जाने बारे भी निर्देश दिए। एआरओ दर्शन कुमार ने उपायुक्त को यहां पर जो व्यवस्थाएं सुनिश्चित होगी, उस बारे विस्तार से जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगाए गए अधिकारी व कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी धैर्य, ईमानदारी, पारदर्शिता व बिना झुकाव के करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।

### स्ट्रांग रूम के साथ-साथ ईवीएम व वीवीपैट को रखने के स्थान का भी मुआयना किया

इसी प्रकार जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुलाना विधानसभा क्षेत्र के तहत डीएवी स्कूल रिवर साइड अंबाला छावनी में बनाए गए मतगणना केंद्र का जायजा लेते हुए यहां पर भी जो व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी है उस बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। छावनी विधानसभा क्षेत्र के तहत एसडी कॉलेज छावनी में तथा नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के तहत बीपीएस प्लेनेटोरियम छावनी में बनाए गए मतगणना केंद्रों का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव का बेहतर तरीके से सफलता पूर्वक आयोजन हो इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतगणना केंद्र से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस मौके पर सभी एआरओ को निर्देश दिए कि मतगणना केन्द्र से सम्बधित जो भी आवश्यक कार्य है एवं चुनाव आयोग की जो हिदायते है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्य होने सुनिश्चित होने चाहिए। इस मौके जिला चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग से कार्यकारी अभियन्ता रितेश अग्रवाल, एसडी कॉलेज के प्राचार्य राजेन्द्र राणा, नगर परिषद् के ईओ जरनैल सिंह के साथ-साथ सम्बधित अधिकारीगण एवं अन्य मौजूद रहे।



## किसानों ने पीएम मोदी पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया

# युवा किसान शुभकरण की अस्थियां प्रवाहित मोहड़ा में खत्म हुई अस्थि कलश यात्रा

### कहा, न कर्ज माफ हुआ न ही किसानों की आय दोगुनी हुई, सोमवार को करेंगे बड़ा ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** शहीद किसान शुभकरण की अस्थियां प्रवाहित करते किसान व श्रद्धांजलि समारोह का दृश्य।

शंभू बार्डर से शुरू हुई शहीद किसान शुभकरण सिंह की अस्थि कलश यात्रा रविवार को मोहड़ा अनाज मंडी में समाप्त हो गई। इस दौरान किसानों की ओर से बड़ा समागम आयोजित किया गया। भारी संख्या में महिलाओं के साथ किसानों ने इसमें हिस्सेदारी की। इसके बाद शुभकरण सिंह की अस्थियों को प्रवाहित कर दिया गया। मंच से इस मौके पर किसान नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन देश को बचाने के लिए है। देश की मोदी सरकार को समझ लेना चाहिए कि किसान संगठन देश और संविधान को बचाने के लिए बड़ा संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने ही किसानों के कर्ज माफ करने का वायदा किया था। 2023 तक उन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने की भीबात कही थी। मगर उन्होंने कोई वायदा पूरा नहीं किया। इसी वजह से किसानों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. देविंदर शर्मा ने शहीद को श्रद्धांजलि देने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ विद्वान अपने निजी स्वार्थ के चलते फसल पर एमएसपी मिलने का गलत प्रचार कर रहे हैं। कहा कि देश के किसानों की आय मनरेगा मजदूरों से भी कम है।

शर्मा ने सरकार से सवाल किया कि सरकार हर साल 45 लाख करोड़ के बजट में से किसानों और कृषि पर केवल 1.25 लाख करोड़ क्यों खर्च करती है? उन्होंने कहा कि जबकि देश में किसानों की आबादी 55 फीसदी है, जिसके चलते बजट में किसान सीधे तौर पर किसानों पर बजट का 50 फीसदी खर्च तो बनता ही है। श्रद्धांजलि देने पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता भाना सिद्धू ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल में डालना सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है। किसान नेताओं ने मंच ने ऐलान किया कि भाजपा सरकार फर्जी मुकदमें लगाकर किसानों को परेशान न करे। किसान डरने वाले नहीं हैं। किसानों में दहशत पैदा करने के इरादे से हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए नवदीप सिंह जलबेहड़ा, गुरकीरत सिंह, रविंदर रवि और अनीश खटकड़ की रिहाई के लिए सोमवार को ठोस निर्णय लिया जाएगा। किसानों ने कहा कि बीजेपी को याद रखना चाहिए कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता गांव से होकर जाता है। निकट भविष्य में किसान इस जुल्म का जवाब देंगे। इस दौरान किसान नेता सरवण सिंह पंधेर, जगजीत सिंह डल्लेवाल, सुरजीत सिंह फूल, मंजीत सिंह राय, जसविंदर सिंह लोंगोवाल, अमरजीत सिंह मोहडी, सुखजिंदर सिंह खोसा, रणजीत सिंह राजू, मनिंदर सिंह नौटी, अभिमन्यू कोहर, जय सिंह, धर्मवीर सिंह ढींडसा, बलवंत सिंह बहिरमके, बीबी सुखवीर कौर, मलकीत सिंह गुलामीवाला, सतनाम सिंह बाहरू, गुरविंदर सिंह भंगू, रमनदीप सिंह मान, म्हंगा सिद्धू, सुखजीत सिंह, गुरध्यान सिंह, मंजीत सिंह घुम्मन, जगजीत सिंह मंड, जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, गुरअमनीत सिंह मांगट, बलदेव सिंह जीरा, सतनाम सिंह साहनी और चमकौर सिंह उस्मानवाला ने उपस्थित होकर शहीद शुभकरण को श्रद्धांजलि दी।





### शंभू बॉर्डर से शुरू हुई थी यात्रा

16 मार्च से शुभकरण सिंह की अस्थि कलश यात्रा शंभू बॉर्डर से शुरू की गई थी। 22 मार्च को हिसार में श्रद्धांजलि समागम के बाद 31 मार्च को मोहड़ा मंडी में समागम रखा गया। अंतरराष्ट्रीय पहलवान साक्षी मलिक ने भी श्रद्धांजलि सभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचने के अपील की थी। किसान नेता मनजीत सिंह राय ने कहा कि सरकार बौखलाहट में है। अस्थि कलश यात्रा से घबराई हुई है। घबराहट में आकर ही युवा किसान नवदीप जलबेहड़ा को गिरफ्तार किया है। सरकार भय का माहौल बनाना चाहती है, लेकिन किसान भय में नहीं है। युवा किसानों की गिरफ्तारी को तमाम किसान नेताओं ने पूरी तरह से गलत करार दिया है।



**अंबाला।** अभियान के दौरान लोगों से मुलाकात करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा।

## पूर्व मंत्री बोले किसानों की सरसों एमएसपी से भी कम रेट पर बिकी

- पूर्व मंत्री व उनकी बेटी चित्रा ने हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान लोगों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस नेता निर्मल सिंह ने रविवार को अंबाला शहर व चित्रा सरवारा ने छावनी की कई रिहायशी कॉलोनियों में लोगों से मुलाकात कर हर घर कांग्रेस मुहिम का आगाज किया। निर्मल सिंह ने जंडली के माता रानी चौक से पूरे इलाके में 'घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत एक डोर टू डोर कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात करते हुई की। इसी कड़ी में चित्रा सरवारा ने छावनी के महेश नगर चौक मार्किट व आस पास के इलाकों में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुवात की।

घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस एक जनसंपर्क अभियान है जिसके तहत कांग्रेस की टीमें घर-घर जा कर पार्टी के संकल्प,राहुल गांधी की सोच और 'न्याय' की सोच हर किसी तक पहुंचाएगी। हर घर में नीतियों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा।उन्होंने कहा राहुल ने जो कहा वो करके दिखाया है यह राहुल जी की गारंटी है मोदी का जुमला नहीं।निर्मल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की किसानों को एमएसपी देने वाले बीजेपी के वादे की पोल एकबार फिर खुल गई है। क्योंकि प्रदेश की मंडियों में किसानों की सरसों एमएसपी से 900-1000 रुपये कम रेट पर बिक रही है। सरकारी खरीद नहीं होने के चलते किसान प्राइवेट एजेंसियों के हाथों लुट रहे हैं। कांग्रेस और किसानों द्वारा बार-बार मांग उठाए जाने बावजूद सरकार ने अबतक सरसों की खरीद शुरू नहीं की गई। इक्का-दुक्का जगह पर जहां सरकारी एजेंसी पहुंच रही हैं, वहां भी नमी का बहाना बनाकर खरीद नहीं की जा रही। मजबूरी में किसानों को प्राइवेट हाथों में अपनी फसल बेचनी पड़ती है। कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने भाजपा सरकार की घोर निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने करीब 114 निजी स्कूल व पूरे प्रदेश में करीब 5000 निजी स्कूलों को मर्जर का नाम देकर बंद कर दिया।

## रागी जत्थों ने संगत को गुरू इतिहास सुनाया

- नौंवे पातशाह गुरू तेग बहादुर का प्रकाश पर्व उत्साह के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



गुरु लाधो रे भवन में नौंवे पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत कीर्तन दरबार सजाए गए जिसमें रागी इंदरजीत सिंह सहित अन्य रागी व कथा वाचकों ने संगत को गुरु इतिहास सुनाकर निहाल किया। रागी जत्थों ने प्रकाश पूरब की लख लख बधाई दी और बताया कि नौंवें सतगुरु गुरु तेग बहादुर साहिब ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान देकर हिंद दी चादर कहलाए। उन्होंने गुरु साहिब की दिल्ली के चांदनी चौक पर दी शहादत को विस्तार से अवगत करवाया। उन्होंने भाई मखन शाह लुबाना के जीवन पर भी प्रकाश डालते हुए गुरु साहिब द्वारा मखन शाह लबाना के डूबते हुये जहाज को पार लगाने व मखन शाह लुबाना की गुरु साहिब से मुलाकात बारे भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर गुरपाल सिंह अकबरपुर, गुरुद्वारा सिंह सभा के सचिव फरिंद्र पाल गुलियानी ने प्रकाश उत्सव की बधाई दी । उन्होंने वाहेगुरु का नाम सिमरन करने के लिए प्रेरित करते हुए श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गुरु लाधो रे भवन की समूह प्रबंधक कमेटी द्वारा समागम में सेवाएं निभाने वाले सेवादारों को सिरोपे देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भवन की सर्वसम्मति से नई प्रबंधक कमेटी बनाई गई जिसका प्रधान सुरजीत सिंह व सचिव बलकार सिंह को नियुक्त किया गया।

## राजयोगिनी कृष्णा दीदी को नम आंखों से किया याद

- गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला






**अंबाला।** श्रद्धांजलि समारोह में मौजूद बीके बहनें व अन्य लोग।

ईश्वरीय सेवाओं में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाली श्रद्धेय ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी कृष्णा दीदी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रविवार को खुखरैन भवन में किया गया। कृष्णा दीदी का व्यक्तित्व सबको प्रेरणा देने वाला था। जो कोई भी उनसे पहली बार मिलता उसे उनसे अपने पन की भावना महसूस होती। मन को बहुत सुकून महसूस होता।

जैसे मन एकदम शांत बुद्धि स्थिर हो गई हो। ईश्वरिय जीवन की मर्यादाओं पर पूरा पूरा चलने को उन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य बनाया तथा अपनी अंतिम श्वास तक भी उन मर्यादाओं को निभाया। कृष्णा दीदी लौकिक रूप से श्री हरगोविंदपुर पंजाब से निकल ब्रह्माकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू तक पहुंचने वाली उन विशेष कन्याओं में से एक थे जिन पर स्वयं परमात्मा की दृष्टि पड़ी। परमात्मा के प्रति दृढ़ निश्चय के कारण अपने प्रारंभिक दिनों में समाज तथा लौकिक परिवार से बहुत संघर्ष सहन किया। 1974 से अंबाला में अपनी ईश्वरीय सेवाएं देते अनेको आत्माओं का जीवन परिवर्तन किया। उनकी सेवाओं ने कई आत्माओं को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के वारिस-गुणवत्ता वाले, अच्छे, सेवा योग्य ब्राह्मण बच्चे बनने के लिए पोषित किया है। इनके निर्देशन और मार्गदर्शन द्वारा अनेक अनन्य रत्न देश विदेश पर जाकर आज भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। दीदी को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए ब्रह्माकुमारी टीचर भाई बहनों में विशेष रूप से अरुण भाई, आशा दीदी, प्रेम दीदी, उत्तर दीदी, लक्ष्मी दीदी, रमेश दीदी, भारत भूषण भाई, करण भाई, राजेश भाई, हेमा बहन, करमचंद भाई, राम प्रकाश भाई, दिव्या बहन, नीति बहन, सविता बहन, सुभद्रा बहन, किरण दीदी, जानकी दीदी, रानी दीदी, शोभा दीदी, कोमल बहन एवं अन्य भाई बहन उपस्थित रहे।

## कैनन ब्यॉय नवदीप से विदेशी फंडिंग को लेकर पूछताछ करेगी पुलिस

- दो दिन के रिमांड के दौरान फॉरच्यूनर गाड़ी समेत कई पुख्ता सबूत जब्त करने का किया दावा

**अंबाला।** किसान आंदोलन का युवा चेहरा नवदीप सिंह जलबेहड़ा को सीआईए वन ने फिर एक दिन के रिमांड पर लिया है। दो दिन के रिमांड के बाद रविवार को पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया था। अदालत ने नवदीप के सहयोगी गुरकीरत सिंह को जेल भेजने के आदेश दिए हैं। जांच टीम अब नवदीप सिंह से विदेशों से हुई फंडिंग के बारे में पूछताछ करना चाहती है। इसके अलावा फॉरच्यूनर गाड़ी की आरसी पर आरोपी की ओर से दिए गए चंडीगढ़ के पते को भी तस्दीक किया जाना है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से हत्या के प्रयास में इस्तेमाल हुई गुलेल जब्त नहीं कर पाई है। रविवार को जांच टीम की ओर से अदालत में दायर याचिका में किसान आंदोलन के दौरान कैनन ब्वॉय के नाम से मशहूर नवदीप सिंह जलबेहड़ा को विदेश से बड़ी फंडिंग होने का शक है। इसी सिलसिले में पुलिस आरोपी से विदेश से हुई फंडिंग की जानकारी लेने के लिए उससे पूछताछ करना चाहती है। इसके अलावा जांच अधिकारी ने आरोपियों के कब्जे से हत्या के प्रयास में इस्तेमाल डंडे-बिंडे व एक फॉरच्यूनर गाड़ी बरामद करने का दावा किया है। जांच टीम की माने तो अभी तक आरोपी से गुलेल जब्त नहीं हो पाई है। उसने किराये के कमरे में उसे छुपाया हुआ है।

## श्रीराम कथा के अंतिम दिन साध्वी प्रवीणा भारती ने श्रद्धालुओं को अपनी वाणी से किया निहाल

# राम के आदेश पर लंका में प्रवेश करने पर हनुमान के सामने आई बाधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** श्रीराम कथा में पूजन करते मुख्य यजमान।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम के सौंजन्य से नगर खेड़ा प्रांगण में आयोजित की जा रही श्री राम कथा के अंतिम दिन सर्व साध्वी सुश्री प्रवीणा भारती ने उपस्थित साध संगत को लंका दहन प्रसंग के बारे में बताते हुए कहा कि हनुमान के बारे में जितना लिखा जाए वह बहुत कम है। जब हनुमान ने श्री राम के आदेश पर लंका में प्रवेश किया तो उन्हें कई बाधाओं का सामना करना पड़ा जैसे विशालकाय समुद्र को पार करना, रास्ते में राक्षसी सुरसा के मुंह में से होकर निकलना , फिर लंका के चारों ओर बने सोने के परकोट को लांघने के बद लंकनी नाम की एक राक्षसी को मार देना आदि वृतांतों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब लंकिनी को मारने की खबर रावण तक खबर पहुंच गई की कोई वानर महल में प्रवेश कर गया है। इसके बाद महल में हनुमान विभीषण को राम भक्त जानकर उनसे मुलाकात करते हैं। विभीषण द्वारा दी गई सूचना के आधार पर वाटिका में माता सीता को राम की दी हुई अंगूठी देते हैं और इसके बाद वे अशोक वाटिका का विध्वंस कर देते हैं। इस खबर की सूचना मिलते ही रावण का पुत्र अक्षय कुमार उन्हें मारने के लिए आता है लेकिन हनुमान उसका वध कर देते हैं। इस खबर से लंका में हाहाकार मच जाता है तब स्वयं मेघनाथ हनुमान को पकड़ने के लिए आता हैं। मेघनाथ हनुमान पर कई तरह के अस्त्रों का प्रयोग करते हैं लेकिन उससे कुछ नहीं होता और अंत में वह ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करते हैं तब हनुमान मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र का सम्मान रखकर वृक्ष से गिर पड़ते हैं। तब मेघनाथ उन्हे नागपास में बांधकर रावण की सभा में ले जाता है वहां हनुमान हाथ जोड़कर रावण को बहुत समझते हैं। राक्षस हनुमान की पूंछ को पकड़कर कपड़े से लपेटते हैं। तब हनुमान अपनी पूंछ को बढ़ाना आरंभ करते हैं सभी देखते रह जाते हैं। पूंछ के लपेटने में इतना कपड़ा, तेल, घी लगा कि नगर में सब समाप्त हो गया लेकिन हनुमान की पूंछ बढ़ती गई अंत में पूंछ में आग लगा दी। यह देखकर राक्षसों की स्त्रियां डर गई। हनुमान की जलती पूंछ से एक महल से दूसरे महल पर चढ़कर उनमें आग लगाने लगते हैं और देखते ही देखते सारा नगर जलने लगता है चारों ओर चीख पुकार और अफरा तफरी मच जाती है। अंतिम दिन मुख्य अतिथि गुगल पंडित , हरबिलास रज्जू माजरा, अमित वालिया , रमेश दहिया, धर्मवीर भसीन व नरेश सिंगला भी मौजूद रहे।